हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, बुधवार, 15 अक्तूबर 2025




# दीक्षाभूमि में गूंजा धम्म-संदेश

## > बुद्ध वंदना समारोह में हजारों अनुयायियों ने लिया हिस्सा

**नागपुर.**

करुणा, समानता और ज्ञान की मशाल थामे दीक्षाभूमि एक बार फिर धम्ममय वातावरण में नहा उठी। मंगलवार को यहां परम पूज्य डॉ. बाबासाहब आंबेडकर स्मारक समिति, धम्म सेना, और भदंत आर्य नागार्जुन सुरेई ससाई की अध्यक्षता में आयोजित भव्य बुद्ध वंदना समारोह में हजारों अनुयायियों ने भाग लिया। मंगलवार की सुबह भदंत ससाई के नेतृत्व में भिक्खु एवं भिक्खुणी संघ ने दीक्षाभूमि पहुंचकर तथागत गौतम बुद्ध और डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं ने त्रिशरण और पंचशील ग्रहण कर



बुद्ध, धम्म और संघ के त्रिरत्नों के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

**ऐतिहासिक दीक्षा की स्मृति में आयोजित हुआ समारोह :** यह वही पावन भूमि है, जहां 14 अक्टूबर 1956 को डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ने महास्थवीर चंद्रमणि के हाथों बौद्ध धर्म ग्रहण किया था। उसी ऐतिहासिक क्षण की स्मृति में यह समारोह प्रतिवर्ष आयोजित होता है। भदंत ससाई की उपस्थिति में यह आयोजन सामाजिक परिवर्तन, समानता, और बंधुत्व का प्रतीक बन चुका है।

धम्म कार्य को आगे बढ़ाने वाले पूज्य व्यक्तित्वों की गरिमामयी उपस्थिति समारोह में पूज्य नागसेन, धम्मविजय, नागानंद, नागवंश, महानाग, कश्यप, अश्वजीत, बुद्धघोष, धम्मप्रकाश, संघ, शांतिनाग, धम्मशील, धम्मदीप सहित कई भिक्खुणियों कुंडलिका, अनोमा, चित्तबोधि, धम्मानंद, सुमेधा, बोधिआर्य, सुपवासा, करुणादीप, शिलानंद, विशाखा की उपस्थिति ने धम्म परंपरा की निरंतरता को दर्शाया।

**अन्य धम्म स्थलों पर भी हुई श्रद्धांजलि अर्पण :** समारोह से पूर्व भिक्खु संघ ने इंदौर बुद्ध विहार, संविधान चौक, और हवाई अड्डा परिसर में स्थित डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किये।

**युवाओं का योगदान भी सराहनीय**

इस आयोजन में नन्हा सवाईथुल, आशीष शेंडे, अशोक गोवर्धन, अविनाश सवाईथुल, आर्यन सवाईथुल, अथर्व सवाईथुल, प्रवीण रंगारी, अमोल मेश्राम और श्रेयश गेदाम जैसे युवाओं का योगदान भी उल्लेखनीय रहा।

# छिंदवाड़ा रोड फ्लाईओवर पर ऊंचे स्पीड ब्रेकर बने परेशानी का सबब

## > नागरिकों ने की कार्रवाई की मांग

**नागपुर.**

शहर के छिंदवाड़ा रोड फ्लाईओवर पर हाल ही में बनाए गए अत्यधिक ऊंचे स्पीड ब्रेकर नागरिकों और वाहन चालकों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बन गए हैं। इन स्पीड ब्रेकरों की ऊंचाई इतनी अधिक है कि वाहन चालकों को अपनी गति पूरी तरह से रोकनी पड़ रही है, फिर भी वाहन सवारों को तेज़ झटकों का सामना करना पड़ता है।

**वाहन और स्वास्थ्य दोनों पर असर :** स्थानीय नागरिकों के अनुसार, ये स्पीड ब्रेकर न सिर्फ वाहन चालकों को असुविधा में डाल रहे हैं, बल्कि स्पॉन्डिलाइटिस जैसे स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त लोगों के लिए



बेहद कष्टदायक सिद्ध हो रहे हैं। यहां से गुजरते समय वाहनों की गति रुकने से यातायात भी बाधित हो रहा है, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपुर के मीडिया प्रभारी डॉ. एम.ए. रशीद ने संबंधित विभाग से अपील की है कि इन स्पीड ब्रेकरों की ऊंचाई को तत्काल कम किया जाए, या फिर इन्हें हटाकर रंबल स्ट्रिप्स या रंबल स्टिकर जैसी वैकल्पिक सुरक्षा व्यवस्था लगाई जाए। 'सुरक्षा के नाम पर लोगों को तकलीफ में डालना समाधान नहीं है। यह ज़रूरी है कि ऐसे स्पीड ब्रेकरों का निर्माण भारतीय सड़क मानकों के अनुसार हो,' डॉ. रशीद ने कहा। स्थानीय नागरिकों ने नगर प्रशासन से अनुरोध किया है कि इन स्पीड ब्रेकरों का तत्काल निरीक्षण कर उनकी ऊंचाई कम की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और यातायात सुचारू रूप से चल सके।

# शहर में विभिन्न स्थानों पर बलिराजा सन्मान यात्रा का स्वागत





**नागपुर.**

समाज में सामाजिक समरसता, एकता और कृषि संस्कृति के महत्व को समझाने के लिए बलिराजा सन्मान यात्रा गुरुकुंज मोजारी से रवाना होकर शिवश्री डॉक्टर अभिलाष नखाते के नेतृत्व में नागपुर पहुंची। मराठा सेवा संघ, संभाजी ब्रिगेड और जमाअत ए इस्लामे हिंद नागपूर जैसे विभिन्न संगठनों द्वारा अवस्थी चौक में यात्रा का स्वागत किया गया । छत्रपति चौक पर, संभाजी ब्रिगेड महानगर अध्यक्ष प्रताप पाटले और पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा करके रथ यात्रा का स्वागत किया। इसी तरह, बलिराजा अनुसंधान केंद्र मराठा सेवा संघ, सुर्वे नगर, नागपुर में, यात्रा का स्वागत जिला अध्यक्ष प्रमोद वैद्य और संभागीय अध्यक्ष दिलीप खोडके और जिजाऊ ब्रिगेड की उपाध्यक्ष सुनीता ताई जिचकार , डॉ प्रशांत कडू , राजेंद्र जिचकार , सुधांशु मोहोड़ , समीर अरबत आदि पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। पश्चिम नागपुर में अवस्थी चौक पर जमाअत ए इस्लामी इस्लामे हिंद की ओर से डॉ नरुल अमीन और उनके संगठन के सदस्यों में डॉ एम ए रशीद, मंज़ूर अहमद, हुसैन काबली , यूथ मूवमेंट ऑफ महाराष्ट्र की नागपुर शाखा के अध्यक्ष आसिम ग़ाज़ी ने शिवश्री डॉ अभिलाष नखाते साहब का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस अवसर पर गुरुदेव युवा मंच की ओर से डॉ. गजानन काकड़ और कर्तव्य फाउंडेशन की ओर से शैलेशजी पांडे ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान मराठा सेवा संघ की ओर से शिवश्री प्रशांत कालबांडे, अजय यावलकर, पंकज निंबालकर, भीमराव पाटिल उपस्थित थे। तदुपरांत सामाजिक एकता और अखंडता विषय पर चर्चा हुई और आयोजकों ने बताया कि बलिराजा समात्र यात्रा का समापन शिवतीर्थ, सावनेर में होगा।

# होटल के कमरे में युवती से जबरदस्ती, युवक गिरफ्तार

**नागपुर.** कपिलनगर पुलिस ने एक युवक को शादी के झूठे वादे के बाद युवती के साथ जबरदस्ती करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह वारदात कपिलनगर थाना क्षेत्र के एक होटल के कमरे में अंजाम दी गई। आरोपी की पहचान प्रशांत मराठे के रूप में हुई है। मामला तब सामने आया जब 26 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी से उसकी इंस्टाग्राम के माध्यम से ऑनलाइन दोस्ती हुई थी। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने शादी का झूठा वादा देकर 29 अप्रैल को उसे कपिलनगर इलाके में बुलाया और एक होटल के कमरे में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती की। युवती ने बताया कि जब उसने शादी के बारे में पूछा तो आरोपी ने टाल-मटोल करना शुरू कर दिया। इसके बाद युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कपिलनगर पुलिस ने आरोपी प्रशांत मराठे के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# एआईएमआईएम प्रदेश महासचिव समीर साजिद का नागपुर में भव्य स्वागत

## निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को दिए संगठनात्मक निर्देश





**नागपुर.**

आगामी नागपुर महानगरपालिका चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश महासचिव जनाब समीर साजिद (बिल्डर साहब) का दक्षिण नागपुर के ताजआबाद कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में समीर साजिद ने आगामी निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को संगठित होकर जमीनी स्तर पर काम करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी पूरे विदर्भ का दौरा कर रही है और कार्यकर्ताओं को चुनावी मोड में आने का निर्देश दिया गया है।

**'महागठबंधन मुसलमानों को नेतृत्व में नहीं देखना चाहता' - समीर साजिद :** अपने संबोधन में उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि, 'भारत की कोई भी बड़ी पार्टी, खासकर इंडिया गठबंधन, सत्तारूढ़ भाजपा को हराने के लिए एआईएमआईएम को साथ लेना नहीं चाहती। बिहार इसका उदाहरण है।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महागठबंधन मिलकर मुसलमानों, दलितों और पिछड़े वर्गों की आवाज दबाना चाहता है।

**अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान :** समीर साजिद ने कहा कि एआईएमआईएम आगामी नागपुर महानगरपालिका चुनाव में अधिक से अधिक सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी, और कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अभी से तैयारी में जुट जाएं।

**प्रमुख उपस्थित लोग :** इस अवसर पर जिला प्रभारी निसार सिद्दीकी, विदर्भ नेता कृष्णा जाधव, काकडे जी, दक्षिण नागपुर प्रभारी शोएब अहमद, शकील पटेल, इसहाक मंसुरी, सोहेल खान, हाजी रियाज़, अय्यूब खान, अशफाक अहमद, मुन्ना भाई कुलरवाले, रफीक गनी, फिरोज ताहेर खान, युसुफ मंसूरी, और अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

# ठेकेदार आत्महत्या मामला

## दो आरोपियों की पुलिस रिमांड 16 अक्टूबर तक बढ़ी

**नागपुर.**



शासकीय ठेकेदार व्यंकटेश्वर वर्मा की आत्महत्या मामले में क्राइम ब्रांच द्वारा द्वारा गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों की पुलिस रिमांड में गुरुवार को दो दिन की और वृद्धि कर दी गई है। न्यायालय ने आरोपियों - पुसद सहकारी बैंक के प्रबंधक शरद मैंद और राधेश्याम बियाणी की कोठड़ी की अवधि 16 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। वहीं इस मामले के तीसरे आरोपी मंजीत सिंह वाडे को पहले ही अदालत द्वारा जमानत दे दी गई थी, जिस पर चौकशी के दौरान हाजिर रहने की शर्तें लगाई गई थीं। गौरतलब है कि सरकार द्वारा 30 करोड़ रुपये का भुगतान रोके जाने से उत्पन्न वित्तीय संकट के कारण ठेकेदार वर्मा ने 1 सितंबर को अपने राजनगर स्थित आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद वर्मा की पत्नी ने दस लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में पता चला कि सरकारी काम पूरे करने के लिए वर्मा ने कई व्यवसायियों से ब्याज पर राशि उधार ली थी, जिनके लगातार परेशान करने के कारण उन्होंने आत्महत्या की। अब तक इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# नागपुर रेलवे कार्यालय में रिश्वत घोटाला

## मुख्य अधीक्षक रोशन कुंभलवार 25,000 रुपये लेते गिरफ्तार

**नागपुर.**



मध्य रेलवे की सतर्कता टीम ने नागपुर डीआरएम कार्यालय के पेंशन विभाग के मुख्य अधीक्षक रोशन कुंभलवार को 25,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 14 अक्टूबर को दोपहर डीआरएम कार्यालय परिसर में की गई। मामला तब सामने आया जब एक महिला रेलवे कर्मचारी ने शिकायत की कि कुंभलवार उसके पारिवारिक पेंशन को शुरू करने के लिए 25,000 रुपये की मांग कर रहे थे। इस शिकायत के आधार पर सतर्कता विभाग ने एक जाल बिछाया। सतर्कता टीम ने महिला कर्मचारी को सरकारी खजाने से 25,000 रुपये दिये, जिन्हें कुंभलवार ने दोपहर 12 बजे कार्यालय परिसर में ले लिया। लेन-देन के तुरंत बाद, जब कुंभलवार अपनी सीट पर लौटे, तो सतर्कता दल ने उन्हें रंग हाथ पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान आरोपी की जेब से रिश्वत की वही करेंसी नोट बरामद हुए, जो सतर्कता टीम द्वारा दिए गए थे। कुंभलवार ने रिश्वत लेने की बात स्वीकार की है। सतर्कता विभाग ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तलाक के छह साल बाद महिला से दुष्कर्म, पूर्व पति पर केस दर्ज

**नागपुर.**



एक महिला ने अपने पूर्व पति के खिलाफ धंतोली पुलिस में बलात्कार का मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि तलाक के छह साल बाद पूर्व पति ने शादी के झूठे वादे के बहाने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में गर्भवती होने पर गर्भपात के लिए मजबूर किया। 37 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 2014 में आरोपी से हुई थी। शादी के दो महीने बाद ही पति ने उसे दूसरे पुरुष से संबंध होने का लांछन लगाकर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद 2017 में उसने तलाक ले लिया। जुलाई 2023 में आरोपी ने फेसबुक के जरिए फिर से संपर्क किया और शादी करके अच्छा व्यवहार करने का वादा किया। इस झूठे वादे में आकर पीड़िता ने उसके साथ रहना शुरू किया, जिस दौरान वह गर्भवती हो गई। आरोपी ने उसे गर्भपात के लिए मजबूर किया और फिर शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता को बाद में पता चला कि आरोपी ने अन्य महिलाओं के साथ भी ऐसे ही झूठे वादे किये थे। इस पर धंतोली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# आयकर विभाग का रायसोनी ग्रुप की 'श्रद्धा एआई' पर छापा

**नागपुर.**

आयकर विभाग की टीम ने कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के क्रम में मंगलवार को रायसोनी शैक्षणिक समूह की कंपनी 'श्रद्धा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के कार्यालय पर छापा मारा। यह लगातार चौथा दिन था जब विभाग ने शहर में किसी व्यवसाय समूह पर कार्रवाई की। कस्तूरचंद पार्क के पास स्थित श्रद्धा हाउस में सुबह 7 बजे करीब 5-6 अधिकारियों की टीम ने दस्तक दी और लगातार 12 घंटे तक कंपनी के दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। विभागीय सूत्रों के मुताबाज, आईटी क्षेत्र में काम करने वाली इस कंपनी के वार्षिक लेनदेन और बैलेंस शीट में खामियां और अनियमितताएं मिलने पर यह कार्रवाई की गई। जांच दल ने संदिग्ध दस्तावेजों को सील भी किया है। रायसोनी शैक्षणिक समूह की मातृ संस्था वाली इस कंपनी पर लगातार बढ़ती आर्थिक अनियमितताओं के आरोप हैं। पिछले चार दिनों से आयकर विभाग नागपुर की विभिन्न कंपनियों पर छापेमारी कर रहा है।

# नाबालिग लड़की से अशोभनीय व्यवहार

## पोक्सो अदालत ने सुनाई सजा, यौन उत्पीड़न और धमकी देने का था आरोप

**नागपुर.** शहर की एक विशेष पोक्सो अदालत ने एक नाबालिग लड़की के साथ अशोभनीय व्यवहार और यौन उत्पीड़न के मामले में 19 वर्षीय आरोपी को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस.एच. ग्वालानी की कोर्ट ने पुलिस थाना अजनी के अंतर्गत दर्ज मामले में आरोपी संदीप उर्फ गिरीधर काशीराम यादव को दोषी ठहराया। आरोपी पर अजनी निवासी 14 वर्षीय लड़की के साथ स्नैपचैट के माध्यम से संपर्क साधकर अश्लिल तस्वीरों की मांग करने, उसका पीछा करने, उसे अनुचित तरीके से छूने और धमकी देने का आरोप था। यह घटना अगस्त 2023 से 29 मार्च 2024 के बीच की बताई जाती है। पीड़िता द्वारा दिए गए बयान के आधार पर अजनी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354, 354(ए), 354(डी), 506 और पोक्सो अधिनियम की धारा 8 व 12 के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपी को 12 अप्रैल, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने फैसले में पोक्सो अधिनियम की धारा 8 और 12 के तहद आरोपी को तीन साल के कठोर कारावास और 5,000 रुपये के जुमनि की सजा सुनाई। साथ ही यह भी कहा कि जुर्माना न भरने पर उसे तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसके अलावा आईपीसी की धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत एक साल की कैद और 1,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया. जिसे न भरने पर एक महीने की अतिरिक्त साधारण कैद की सजा दी गई।

# नागपुर में मध्य भारत के पहले 'लायंस हेल्थ एटीएम' का सिंघल व भोंसले ने किया उद्घाटन

**नागपुर.**

समाज को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, नागपुर के मानेवाड़ा चौक स्थित केशव हॉस्पिटल में मध्य भारत के पहले 'लायंस हेल्थ एटीएम' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस क्रांतिकारी पहल का उद्घाटन नागपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. रवींद्रकुमार सिंघल और महाराजा ऑफ़ नागपुर राजे डॉ. मुधोजी भोसले के कर-कमलों द्वारा किया गया।

यह अनोखा हेल्थ एटीएम महाराजा ऑफ़ नागपुर ट्रस्ट, लायंस क्लब ग्रीन सिटी, लायंस क्लब सेवा, और बुलंद है हौसले ग्रुप के संयुक्त प्रयासों से स्थापित किया गया है।

यह मध्य भारत का पहला ऐसा एटीएम है, जो 55 बीमारियों की जाँच करने की क्षमता रखता है। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए यह मशीन



कुछ ही मिनटों में पूरी जाँच संपन्न कर देगी, जिससे समय की बचत होगी और तुरंत स्वास्थ्य जानकारी मिल सकेगी। लायंस क्लब की ओर से यह हेल्थ एटीएम मशीन समाज सेवा के लिए लगाई गई है। क्लब ने यह घोषणा की है कि सभी ज़रूरतमंद लोगों के लिए यह समस्त जाँच सुविधाएँ लायंस क्लब की ओर से पूर्णतः मुफ्त प्रदान की जाएँगी। उद्घाटन के अवसर पर नागपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. रवींद्रकुमार सिंघल ने महाराजा ट्रस्ट ऑफ़ नागपुर और लायंस क्लब की सराहना करते हुए कहा कि यह क्रांतिकारी हेल्थ एटीएम सेवा अच्छी जाँच के साथ-साथ लोगों के कीमती समय की भी बचत करेगी, जो समाज के लिए एक बहुत अच्छी पहल है। मानव समाज की सेवा में हमेशा अग्रणी रहने वाले लायंस क्लब का उद्देश्य है कि यह हेल्थ एटीएम की सेवाएँ हर ज़रूरतमंद तक पहुँचें। इसी उद्देश्य को पूरा करने का प्रयास लायंस क्लब हमेशा करता रहा है।

उपस्थित गणमान्य व्यक्ति: इस महत्वपूर्ण अवसर पर राजे डॉ. मुधोजी भोंसले, लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लॉ भरत भलगट, पुर्व गवर्नर लॉ विनोद वर्मा, लॉ श्रवण कुमार, लॉ नवीनजी पटेल, लॉ रमेशजी शाह, लॉ चंद्रकांतजी सोनटके, लॉ संदीप खंडेलवाल उपस्थित रहे।

पदाधिकारियों में लॉ निकेत श्रीरसागर, लॉ प्रवीण कुमार भल्ला, लॉ अजय सिंग, लॉ निशिकांत प्रतापे, लॉ विवेक चिब, लॉ प्रवीण पवार, रीजन चेयरपर्सन लॉ डॉ. किरणजी मोहता, और जोन चेयरपर्सन लॉ सुरेशजी बाबर भी मौजूद थे।

लायंस क्लब ऑफ़ सेवा की ओर से लॉ किशोरजी तलमले, लॉ शेखरजी खुणे, क्लब की अध्यक्ष लॉ सरोजजी गोल्हर, क्लब की कोषाध्यक्ष लॉ रश्मी खुणे, और पदाधिकारी लॉ प्रवीण गायधने, लॉ हरीशजी गोल्हर, लॉ संदीप कामळे, लॉ अभिषेक कोतपल्लीवर, लॉ विकास शुंभ, लॉ प्रणीति शुंभ ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस पहल में केशव हॉस्पिटल के संचालक लॉ डॉ. रवींद्र हुसुकले एवं लॉ शिल्पा हुसुकले का विशेष सहकार्य रहा।



# चनकापुर कॉलोनी में प्रशासनिक बुलडोजर से जर्जर क्वार्टर जमींदोज

**खापरखेड़ा.**

मासूम जीतू सोनेकर की दर्दनाक हत्या के बाद प्रशासन ने आखिरकार कड़ा कदम उठाते हुए चनकापुर कॉलोनी के पुराने और जर्जर क्वार्टर ध्वस्त करना शुरू कर दिया। सुबह करीब 10 बजे जेसीबी मशीनों की गड़गड़ाहट के साथ कार्रवाई शुरू हुई। प्रशासनिक और पुलिस बल की मौजूदगी में पूरे इलाके को चारों ओर से घेरकर सुरक्षा सुनिश्चित की गई।



स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली और कार्रवाई का स्वागत किया। कॉलोनी के ये पुराने क्वार्टर वर्षों से मादक पदार्थों की बिक्री, जुए के अड्डे और अन्य अवैध गतिविधियों का केंद्र बने हुए थे। कई बार नागरिकों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन केवल आश्वासन ही मिलता रहा। "यह कदम बहुत पहले उठाया जाना चाहिए था। जीतू की हत्या के बाद प्रशासन ने जो फैसला लिया, वह न्याय की दिशा में सही कदम है," स्थानीय लोगों ने कहा।

वेकोलि प्रशासन ने बताया कि जमींदोज किए गए क्वार्टर के स्थान पर सुरक्षित और रोशनीयुक्त आवासीय परिसर का पुनर्विकास किया जाएगा। सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहतर और सुरक्षित आवास की मांग भी की है। मासूम जीतू की मौत ने पूरे समाज को झकझोर दिया। नागरिक पूछ रहे हैं, "जिस समाज ने बच्चे को जीवन दिया, वही समाज उसके जीवन पर अंधेरा क्यों छा गया?" प्रशासन की यह कार्रवाई अब न्याय की दिशा में पहला निर्णायक कदम मानी जा रही है।

नागरिकों का मानना है कि अब यह इलाका अपराध-मुक्त होगा और आने वाली पीढ़ियाँ सुरक्षित वातावरण में सांस ले सकेंगी।

"जीतू की कुर्बानी व्यर्थ नहीं गई। उसकी मौत ने सोई हुई व्यवस्था को जगाया और अब उन अंधेरों को मिटाया जाएगा, जिन्होंने मासूम बच्चों की हँसी और खुशियाँ छीन ली थीं," स्थानीय नागरिकों ने भावुकता के साथ कहा।

# निराधार योजना के लाभार्थी आय प्रमाणपत्र के बिना वंचित

### > वंचित बहुजन आघाड़ी ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**खापरखेडा/सावनेर.**

संजय गांधी, श्रावण बाल और इंदिरा गांधी निराधार योजना के पात्र लाभार्थियों को वार्षिक 21 हजार रुपये के आय प्रमाणपत्र नहीं मिलने से कई गरीब और जरूरतमंद लोग योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। इस मामले में वंचित बहुजन आघाड़ी की ओर से सावनेर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन तहसीलदार अक्षय पोय्याम को तहसील कार्यालय सावनेर में वंचित बहुजन आघाड़ी के जिला अध्यक्ष अजय सहारे, तहसील अध्यक्ष सचिन मडके और शहर अध्यक्ष सुशील ब्रह्मरक्षे की मौजूदगी में सौंपा गया।

इन योजनाओं के तहत दिव्यांग, विधवा, तलाकशुदा महिलाएं, निराश्रित बच्चे-बच्चियां, वृद्ध और अन्य जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता दी जाती है। लेकिन पिछले छह महीनों से तहसील और पटवारी कार्यालय की ओर से आय प्रमाणपत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि "गरीब लाभार्थी बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, फिर भी उन्हें प्रमाणपत्र नहीं दिया जा रहा है। प्रशासन को तुरंत प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, अन्यथा वंचित बहुजन आघाड़ी आंदोलन करेगी।"



ज्ञापन सौंपने के दौरान धनेश्वर ढोके, शांताराम ढोके, दादाराव लांजेवार, वैभव येवले, शुभम वाहने, राजू बागडे, भाऊराव लांजेवार, महेश मडावी, चंदन गोडबोले, विजय मेश्राम, विक्की बागुल, राजेश ब्रह्मरक्षे, एकनाथ मेश्राम, उमेश मोरे, मयूर फुलझले, देवराव चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड के सदस्य बाथम से मिला मछुआरा समाज समस्याओं के समाधान का किया आग्रह



**नागपुर.**

नेशनल फिशराइज डेवलपमेंट बोर्ड के शासी निकाय के गैर-सरकारी सदस्य और मध्य प्रदेश मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम बाथम ने शुक्रवार को नागपुर में मछुआरा, ढीवर और भोई समाज के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान समाज की समस्याओं को सुना और उनका समाधान निकालने का आश्वासन दिया। बैठक में समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि तालाबों और जलाशयों पर ठेकेदारों का बढ़ता कब्जा उनके लिए चुनौती बन रहा है और इससे उनकी जीविका पर असर पड़ रहा है। साथ ही नाग नदी के दूषित पानी के गोसे प्रकल्प में जाने के कारण मछली उत्पादन प्रभावित हो रहा है और मछलियां खाने योग्य नहीं रह रही हैं।

भोई समाज के अध्यक्ष गौर सहित अन्य पदाधिकारियों प्रभाकर मांढरे, सुरेश शिवरकर, वासुदेव सुरजूसे, मनोज नगरे ने बाथम से समाज के लिए बीमा पॉलिसी, महाराष्ट्र में एससी-एसटी आरक्षण और केंद्र व राज्य की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की मांग की।

इस अवसर पर बाथम ने समाज की सभी समस्याओं को सरकार के सामने रखकर उचित समाधान दिलाने का भरोसा दिया। बैठक में प्रकाश डायरे, गौर, प्रकाश मांढरे, सुरेश शिवरकर, वासुदेव सुरजूसे, राजकुमार कर्णुके, सचिन वघाडे, अमोल बावने और सीताराम गौर सहित कई लोग उपस्थित थे।

# लायंस क्लब कामठी सेंट्रल ने आयोजित किया सेवा सप्ताह

**कामठी.**

लायंस क्लब कामठी सेंट्रल ने सेवा सप्ताह के दौरान बड़ी संख्या में सेवा परियोजनाएं आयोजित कीं। सेवा सप्ताह के अध्यक्ष लायन सुरिंदर भुटानी ने क्लब के अध्यक्ष लायन प्रवीण हांडा, सचिव लायन अजय श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष लायन प्रेमेंद्र वाही के सहयोग से इन परियोजनाओं की सफलता के लिए कड़ी मेहनत की। यह गतिविधियाँ 4 से 10 अक्टूबर तक दृष्टि, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य देखभाल, पर्यावरण संरक्षण और भूख के क्षेत्रों में चलाई गईं।

ज़िला परिषद डिजिटल उच्च प्राथमिक विद्यालय रनाला में एक आँख और स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया गया। डॉ. रेनू देशराज और डॉ. अमित देशराज ने आशा अस्पताल की टीम के साथ मिलकर स्कूल के सभी छात्रों की जाँच की। दृष्टि और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं वाले छात्रों का निदान किया गया और आगे की निःशुल्क जाँच और उपचार के लिए उन्हें आशा अस्पताल में रेफर किया गया। डॉ. देवयानी और उनकी टीम ने जरूरतमंद मरीजों के साथ-साथ




लायंस क्लब के सदस्यों के लिए एक मधुमेह (डायबिटीज) पहचान शिविर का आयोजन किया। उन्होंने सदस्यों को मधुमेह, इसके लक्षण, रोकथाम और देखभाल के बारे में भी जानकारी दी। ग्रीनर फाउंडेशन और एकलव्य फाउंडेशन के सहयोग से महादेव घाट, कामठी में एक वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान चलाया गया। नीम के पौधे लगाए गए और आस-पास की सफाई की गई।

लायंस क्लब ने ग्रीनर फाउंडेशन के संस्थापक सचिन नायडू और एकलव्य फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश देशमुख को सम्मानित और पुरस्कृत किया। माँ शारदा ज्ञान मंदिर स्कूल, कामठी के छात्रों के लिए सेवा सप्ताह के विभिन्न विषयों पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई; जैसे - 'बचपन बचाओ, दृष्टि बचाओ', 'हरियाली ही जीवन है', 'मज़बूत मन, मज़बूत जीवन', 'ज्ञान साझा करें, भविष्य को आकार दें', 'भोजन, भुखमरी नहीं, हमारा अधिकार है' और 'नारी है तो कल है'।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार लायन पीएमजेएफ शरद विजयवर्गीय द्वारा प्रायोजित किए गए थे। इस अवसर पर लायन आदित्य भाटिया ने अपने पिता, श्री अशोक कुमार भाटिया की याद में छात्रों को नोटबुक और स्टेशनरी भी वितरित की। लायंस क्लब कामठी सेंट्रल के सदस्यों ने जीवन आश्रय वृद्धाश्रम और अनाथालय के निवासियों को किराने का सामान, साबुन और अन्य उपयोगी वस्तुएँ दान कीं। सदस्यों ने जीवन रक्षा मतिमंद निवासी विद्यालय के बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताया और उनके साथ भोजन साझा किया, जो लायन अजय श्रीवास्तव द्वारा प्रायोजित किया गया था।

लायन हर्ष वाहल ने उप-जिला ग्रामीण अस्पताल, कामठी में एक वाटर कूलर दान करके, बहुत आवश्यक सामुदायिक सेवा के लिए एक पहल की। क्लब ने विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए कामठी की उत्कृष्ट महिलाओं को भी सम्मानित किया। डॉ. ए. ए. काले, सीएमओ छावनी बोर्ड अस्पताल और डॉ. निशात शेख, सीएमओ, उप-जिला ग्रामीण अस्पताल, कामठी (स्वास्थ्य सेवाएँ); प्रव्रजिका अमोधप्राण, सचिव, रामकृष्ण शारदा मिशन हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज (शिक्षा) और पीएसआई मीना ज़ाडे, कामठी पुलिस स्टेशन (कानून और व्यवस्था) को समुदाय में उनके उत्कृष्ट योगदान की मान्यता में सम्मानित किया गया।

डॉ. आमिर ज़ावेरी और उनकी टीम ने देशभक्त रत्नप्पा कुम्भार हाई स्कूल के छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य और छात्रों के तनाव संबंधी मुद्दों पर एक जीवंत स्किट और एक वार्ता के साथ जानकारी दी। सभी परियोजना निदेशकों और क्लब के सदस्यों ने हर गतिविधि की सफलता के लिए कड़ी मेहनत की। सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सेवा सप्ताह में भाग लिया, जिससे यह एक उत्कृष्ट सफलता बनी।

# उमरेड में भाजपा ने मनाया धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस



**उमरेड.**

शहर में रविवार, 14 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी की ओर से धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस बड़े श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस अवसर पर भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सुधीरजी पारवे, जिला उपाध्यक्ष डॉ. मुकेश मुदगल, शहर अध्यक्ष सतीश चौधरी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रामेश्वर सोनटक्के, महिला मोर्चा अध्यक्षा रेणुका कामडी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष गिरीश लेंडे, जिला मंत्री जितेंद्र गिरडकर, महामंत्री संजय चाचरकर, राकेश नौकरकर, पूर्व नगरसेवक धनंजय अग्निहोत्री, उमेश हटवार, गंगाधर फलके, अरुणा हजारे, शालिनी गवळी, दिलीप सोनटक्के, प्रकाश गजभिये, अरविंद हजारे, दिलीप राऊत, तुषार ढोरे, अमित लाडेकर, विनय बुटोलिया, उमाकांत गुंफलवार, देवानंद गवली, चरण डहाके, प्रकाश कटारे, रोहन रायपूरकर, आकाश इनकणे, गणपत हजारे, किशोर हजारे, दिनकर कामडी, नंदू मानकर, बालाजी मुंगले, मंगेश लांजेवार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में समानता, बंधुता व न्याय के उनके संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण में "जय भीम" और "जय भारत" के नारों से परिसर गुंजायमान रहा।

# सावनेर में भव्य दिवाली पहाट का आयोजन

### > 17 को होगा कार्यक्रम




**सावनेर.** शहर में दिवाली की शुरुआत भव्य दिवाली पहाट के साथ होगी। बांगरे ज्वेलर्स सावनेर, आदिनाथ रेस्टॉरेंट और 3S कैटलिस्ट किशोर सावल के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन श्री संत गजानन महाराज संस्थान, प्रोफेसर कॉलनी प्रांगण में किया जाएगा।

दिवाली पहाट कार्यक्रम 17 अक्टूबर को सुबह 5.30 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शहर के हृदयस्थल प्रोफेसर कॉलोनी के शांत और नैसर्गिक वातावरण में साँझधारा इंटरटेनर्स ग्रुप, नागपुर के श्रेयस वानकर और प्रेरणा वानकर अपनी सुमधुर वाणी में संगीत प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन का लाभ जनता तक पहुँचाने की अपील बांगरे ज्वेलर्स के वत्सल बांगरे, आदिनाथ रेस्टॉरेंट के पियूष झींजूवाड़िया, 3S कैटलिस्ट किशोर सावल और श्री संत गजानन महाराज संस्थान समिति अध्यक्ष डॉ. विजय धोटे ने की है।

यह कार्यक्रम सावनेरवासियों के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव का अवसर प्रस्तुत करेगा।

# गुमथला-महालगांव में हुआ 'कामगार और युवक संवाद' सम्मेलन

**कामठी.**

रविवार 12 अक्टूबर, को तहसील के गुमथला-महालगांव जिला परिषद सर्कल क्षेत्र में दिनेश ढोले और मित्र परिवार की ओर से एक भव्य 'कामगार व युवक श्रम और युवा संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य कामगारों और युवाओं को उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था।

इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता के रूप में नितेश कराले (कराले मास्टर) ने उपस्थित होकर युवाओं और कामगारों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देकर संबोधित किया। उनके प्रभावी संबोधन ने श्रोताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के तौर पर सुनील केदार साहेब (पूर्व मंत्री, महाराष्ट्र राज्य) और श्यामकुमार बर्वे (सांसद, रामटेक लोकसभा क्षेत्र) की विशेष उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त, सुरेश भोयर (पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद नागपुर) और हुकमचंद आमधरे (सभापति, बा. स. मुंबई) ने भी उपस्थित होकर मार्गदर्शन किया। सम्मेलन में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में




निम्नलिखित नाम शामिल हैं: प्रसन्ना राजा तिडके (महासचिव, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी), अनुराग भोयर (महासचिव, युवक कांग्रेस), गुड्डू रहांगडाले (उप जिला प्रमुख, शिवसेना), देवेन्द्र गोडबोले (पूर्व जि. प. सदस्य), स्वप्नील श्रावनकर (पूर्व सभापति, मौदा), राजेश ठवकर (सभापति, मौदा), तुळशीराम काळमेध, अनिकेत शहाणे (सभापति, बा. स. कामठी), कुणाल इटकेलवार (उपसभापति, बा. स. कामठी), छत्रपाल करडभाजणे (कार्याध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी कामठी तहसील), अनंता वाघ (अध्यक्ष, कामठी तहसील कांग्रेस), अजय राउत (तहसील अध्यक्ष, ना. ग्रा.), किशोर धांडे (सेवादल तालुका अध्यक्ष), सौ. सोनु कुथे (पूर्व पं. स. सदस्य), नरेश शेंडे (पूर्व पंचायत समिति सदस्य), कृष्णा करडभाजने (संचालक, बा. स. कमठी), प्रभाकर हूड (संचालक, बा. स. कामठी), प्रकाश गजभिये (सरपंच, महालगाव), तूलसा शेंदरे (सरपंच, कापसी), गणपतजी वानखेडे (सरपंच, गारला/सावली), मनोज कुथे (सरपंच, पलसाड), पवन सयाम (सरपंच, उमरी), सहित ग्यानदेव राव गावंडे, रवी रंगारी, चंद्रकांत घुले, रमेश विघे, देवेंद्र येंडे, आरती शहाणे, सतिश दादा कुले, बाबाराव शेंडे, पांडुरंग भगत (सभी पूर्व सरपंच), निर्मला इंगोले (उपसरपंच) पूजा ढोले, नीलकंठ भगत (उप सरपंच), राजु चरडे (उपसरपंच)। जि. प. क्षेत्र की महिलाएँ और नागरिक बड़ी संख्या में इस महत्वपूर्ण संवाद मेलावे में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम सफल रहा।

# हितज्योति आधार फाउंडेशन ने किया अज्ञात व्यक्ति का अंतिम संस्कार

**सावनेर.**

10 अक्टूबर को कामठी शहर में अज्ञात व्यक्ति के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। कामठी नगर परिषद कार्यालय के सामने नाले के किनारे शव पड़ा मिला। मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष अनुमानित है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है

स्थानीय नागरिकों ने सुबह नाले के पास एक व्यक्ति को बेहोश पाया और तुरंत न्यू कामठी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक को उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने व्यक्ति की मृत्यु की पुष्टि की। शव को पोस्टमार्टम के लिए कामठी सरकारी उपजिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने कहा कि मौत का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रारंभिक जाँच शुरू कर दी गई है और इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी समीक्षा की जा रही है। इस स्थिति में जब पुलिस निरीक्षक महेश आंधले ने अंतिम संस्कार के लिए मदद मांगी, तो हितज्योति आधार फाउंडेशन के समाजसेवी हितेश बंसोड़ तुरंत मौके पर पहुंचे। फाउंडेशन ने पूरे खर्च का वहन कर अज्ञात व्यक्ति का निस्वार्थ भाव से अंतिम संस्कार किया।

फाउंडेशन के अन्य सदस्य राजेश सिंदेवार, पीयूष सूर्यवंशी, नरेंद्र समुद्रकर, राजा फुले सहित अन्य लोग भी इस सामाजिक कार्य में शामिल हुए। कामठी पुलिस थाने



के अधिकारी और कर्मचारी भी अंतिम संस्कार में मौजूद रहे। पुलिस ने हितज्योति आधार फाउंडेशन और उनके सदस्यों का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास जारी रखे हैं और सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी साझा करके किसी भी संभावित रिश्तेदार तक खबर पहुँचाने का प्रयास कर रही है। हितज्योति आधार फाउंडेशन की इस पहल ने एक बार फिर समाज सेवा और मानवता की मिसाल पेश की है।

# बसपा ने मनाया 69वां धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस



**कामठी.** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की कामठी शहर इकाई ने 14 अक्टूबर 1956 को लाखों अनुयायियों के साथ बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा बौद्ध धर्म अपनाने के ऐतिहासिक अवसर की 69वीं वर्षगाँठ पर 'धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस' बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर बसपा कार्यकर्ताओं ने पूरे विश्व को शांति का मार्ग देने वाले महाकारुणिक तथागत भगवान गौतम बुद्ध और भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। यह ऐतिहासिक दिन इस मायने में महत्वपूर्ण है कि इसी दिन डॉ. आंबेडकर ने लाखों लोगों को बौद्ध धर्म की दीक्षा दी और स्वयं भी ली थी, जिसने भारत के सामाजिक और धार्मिक इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। इस धर्ममय और ऐतिहासिक कार्यक्रम के दौरान बहुजन समाज पार्टी के कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कामठी शहर के अध्यक्ष विनय ऊके, विधानसभा उपाध्यक्ष अनिल कुरील, विधानसभा बीवीएफ निशिकांत टेंभेकर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और उम्मीदवार इंजी. विक्रांत मेश्राम, नागसेन गजभिये, विकास रंगारी, सुधा रंगारी, विशाल गजभिये, ध्रुवाश मेश्राम, राजन बागडे, दिपाली गजभिये, रंजना गजभिये, संतोष यादव, राजन मेश्राम, प्रशांत गजभिये, खोब्रागडे साहेब, और अन्य कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी उपस्थित लोगों ने भगवान गौतम बुद्ध और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के आदर्शों और शिक्षाओं को याद किया और देश में सामाजिक न्याय तथा समानता के मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

# गोपाल परिवार फाउंडेशन की ऐतिहासिक पहल

### अब सारथियों को मिलेगी ₹32,000 की तनख्वाह, मुफ्त भोजन और स्वास्थ्य सुविधाएं

**वाड़ी.**

देशभर के ट्रक, टैक्सी और व्यावसायिक वाहन चलाने वाले सारथी भाइयों के जीवन में खुशियों की नई किरण लेकर आई है गोपाल परिवार फाउंडेशन। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल ने सारथियों के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है।

अब आरसीसी कंपनी से जुड़े सारथी भाइयों को हर माह ₹32,000 की नियमित तनख्वाह मिलेगी। यह योजना उन ड्राइवरों के लिए बड़ी राहत है जो अब तक अस्थिर आय और कठिन परिस्थितियों में काम करते थे।

फाउंडेशन की ओर से पंजाब और छत्तीसगढ़ में इंडियन ऑयल के सहयोग से विशेष सारथी ढाबों की स्थापना की जा रही है। यहाँ देशभर के ड्राइवरों को मिलेगा मुफ्त, स्वच्छ



और पौष्टिक भोजन, जिससे लंबे सफर के दौरान उन्हें भोजन की चिंता नहीं रहेगी।

समाज के वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी फाउंडेशन ने बड़ा कदम उठाया है। नागलवाड़ी, नागपुर में जल्द ही वृद्ध आश्रम सेवा केंद्र शुरू होगा, जहाँ बेसहारा बुजुर्गों की देखभाल और सेवा की जाएगी।

ड्राइवर भाइयों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से फाउंडेशन 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभियान' के तहत देशभर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगा। इन शिविरों में सड़क सुरक्षा, ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व पर विशेष सत्र होंगे।

फाउंडेशन ने किसानों के हक और हित में एक राष्ट्रीय मंच बनाने की घोषणा की है, जो उनकी मांगें सरकार तक पहुँचाएगा और उन्हें आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा।

सफर में रहने वाले सारथी भाइयों की सेहत का ध्यान रखते हुए संस्था ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और प्राकृतिक चिकित्सा (नेचरोपैथी) की सुविधा शुरू की है।

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए फाउंडेशन जल्द ही 'सड़क सुरक्षा – जीवन रक्षा' नामक अभियान प्रारंभ करेगा। इसके तहत देशभर में मार्गदर्शन शिविर लगाकर सारथियों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल ने कहा "गोपाल परिवार फाउंडेशन का उद्देश्य सिर्फ समाज सेवा नहीं, बल्कि हर सारथी, किसान और वृद्ध व्यक्ति को सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाना है। हमारा सपना है कि हर मेहनतकश भारतीय गर्व से कहे — मैं गोपाल परिवार से जुड़ा हूँ।" गोपाल परिवार फाउंडेशन की यह पहल देशभर के लाखों ड्राइवर भाइयों और किसानों के जीवन में नई आशा और सम्मान का संदेश लेकर आई है।

# नप चुनाव में बसपा कैडर की भूमिका निर्णायक

### > इंजी. विक्रांत मेश्राम का दावा

**कामठी.**



नगरपरिषद चुनाव को ध्यान में रखते हुए, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व विधानसभा उम्मीदवार इंजी. विक्रांत मेश्राम ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि इस बार कामठी में बसपा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी, खासकर 'वोस्टर समीकरण' को देखते हुए। मेश्राम के अनुसार, बसपा का कैडर वोटिंग पैटर्न में एक महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। उन्होंने पिछले चुनाव 2017 का हवाला देते हुए बताया कि बसपा का एक नगरसेवक जीता था और छह उम्मीदवार बहुत कम अंतर से दूसरे स्थान पर रहे थे, जिससे यह साबित होता है कि पार्टी का जनाधार मजबूत है। इंजी. मेश्राम ने पिछले चुनाव में पार्टी के उत्कृष्ट प्रदर्शन का जिक्र किया, जिसमें सौ. रमा नागसेन गजभिये (वार्ड 3) विजयी रहीं, जबकि निशिकांत टेंभेकर (वार्ड 8), विकास रंगारी, ज्योति सुरेंद्र मेश्राम (वार्ड 13), रंजना मेश्राम, रहाटे (वार्ड 14), और दिलीप गोस्वामी (वार्ड 3) जैसे उम्मीदवार दूसरे स्थान पर थे। उन्होंने दावा किया कि जनता का उत्कृष्ट समर्थन लगातार बसपा के साथ जुड़ा हुआ है और इस बार कामठी नगरपरिषद में पार्टी और भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। मेश्राम ने यह भी बताया कि बसपा के पिछले प्रदर्शन को देखते हुए, कई अन्य पार्टियों के इच्छुक उम्मीदवार अब बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त कर रहे हैं।

# सरकार जल्द जारी करे शालेय पोषण आहार योजना की सब्सिडी

## > महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिति की मांग

**वर्धा.**

महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिति ने सरकार से मांग की है कि शालेय पोषण आहार योजना के अंतर्गत मिलने वाली सब्सिडी तत्काल जारी की जाए, ताकि विद्यार्थियों को नियमित रूप से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में प्रतिदिन विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन अवकाश के दौरान पका हुआ भोजन दिया जाता है। इसके लिए आवश्यक वस्तुएँ जैसे — चावल, दाल, तेल, मसाले, नमक, सरसों, जीरा आदि — सरकारी आपूर्तिकर्ता द्वारा स्कूलों में पहुँचाई जाती हैं। रसोइए द्वारा भोजन पकाकर विद्यार्थियों को



परोसा जाता है।

हालांकि, इस योजना के संचालन में भारी कठिनाइयाँ सामने आ रही हैं। विद्यालयों को न तो अग्रिम अनुदान दिया जा रहा है और न ही 2-3 महीने की सब्सिडी अग्रिम रूप से मिल रही है। फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्वयं सहायता समूह और रसोइए यह कार्य करने से कतराने लगे हैं।

विद्यालय प्रबंधन समितियों पर भोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी होती है, लेकिन ग्रामीण अंचलों में यह समितियाँ गरीब मजदूर वर्ग के अभिभावकों से बनी होती हैं, जो खर्च वहन करने में असमर्थ हैं। नतीजतन, शिक्षकों को स्वयं अपने पैसों से ईंधन, सब्जियाँ और पूरक आहार की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

इस वर्ष जून में विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं, किंतु ईंधन और सब्जियों की सब्सिडी पिछले चार महीनों से नहीं मिली है। कक्षा 1 से 5 के लिए प्रति छात्र ₹ 2.59, कक्षा 6 से 8 के लिए प्रति छात्र ₹ 3.88, की दर से मिलने वाली राशि जून से लंबित है।

वहीं, घरेलू रसोई भत्ता सितंबर से अब तक नहीं दिया गया है। राज्य शिक्षक समिति के अध्यक्ष विजय कोंबे ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार विद्यार्थियों को नियमित पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, किंतु सब्सिडी में विलंब से यह योजना चरमरा गई है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही अनुदान जारी नहीं किया गया तो विद्यालयों में पोषण आहार योजना ठप पड़ सकती है। शिक्षकों का कहना है कि वे विद्यार्थियों को भूखा नहीं देख सकते, इसलिए अपनी जेब से खर्च कर यह योजना चला रहे हैं लेकिन यह स्थिति अब ज्यादा दिन संभल नहीं पाएगी।





**दवनीवाडा में 10 लाख रुपये की लागत से राकेश बन्सोड और सुनील बन्सोड के घर तक सीमेंट रास्ता निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सौ. लक्ष्मी शिरीष श्रीबांसरी के हस्ते भूमि पूजन संपन्न हुआ। उपसरपंच अण्णा चौधरी, तंटामुक्त समिति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, बन्सोड गुरुजी बंटी श्रीबांसरी, ग्राम पंचायत सदस्य रोशन चौधरी, सुरेश आसोले, राजेश उरकुडे, सुशीलकुमार भांडारकर, सौ. ज्योती ताई गजबे और सौ. पुष्पा मेश्राम, सेवक देहारे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।**

# अमरावती जिले के सोयाबीन किसानों को मिले न्यूनतम समर्थन मूल्य

## सांसद बलवंत वानखड़े की सरकार से तत्काल खरीद केंद्र शुरू करने की मांग

**अमरावती.**

जिले के सोयाबीन उत्पादक किसान इस समय भारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। खुले बाजार में किसानों को मात्र ₹ 3,000 से ₹ 4,000 प्रति क्विंटल दर ही मिल रहा है, जबकि केंद्र सरकार ने सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹ 5,328 प्रति क्विंटल तय किया है। इस विषम परिस्थिति में किसानों को घोषित भाव का लाभ दिलाने के लिए सांसद बलवंत वानखड़े ने राज्य सरकार से तात्कालिक रूप से सरकारी खरीद केंद्र शुरू करने की मांग की है।

सांसद वानखड़े ने बताया कि अब तक अमरावती जिले में किसी भी सरकारी खरीद केंद्र की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। वहीं, अतिवृष्टि के कारण



कई किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है, और जिन किसानों ने फसल काटी है, उन्हें प्रति एकड़ मात्र 1 से 2 क्विंटल उत्पादन ही मिला है। ऐसे में किसानों को अपनी लागत तक निकालना मुश्किल हो गया है। उन्होंने सरकार से निम्नलिखित कदम उठाने की मांग की — अमरावती जिले में तात्कालिक रूप से सरकारी खरीद केंद्र शुरू किए जाएं।, किसानों से घोषित समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीद सुनिश्चित की जाए।, दीपावली से पहले खरीद प्रक्रिया पूरी कर किसानों को समय पर भुगतान किया जाए। सांसद वानखड़े ने कहा कि, "किसान वर्ग पहले से ही प्राकृतिक आपदाओं और बाजार में अन्यायपूर्ण दरों से परेशान है। ऐसे समय में सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित निर्णय लेकर किसानों को राहत देनी चाहिए।"

उन्होंने कहा कि अगर समय रहते खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो किसान मजबूर होकर औने-पौने दामों पर अपनी उपज बेचने पर विवश होंगे। इसलिए सरकार को किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक कदम उठाने चाहिए। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव ओमप्रकाश झोड ने दी।

# लगातार बारिश से हल्की प्रजाति की धान बर्बाद, किसानों की दिवाली पर संकट

**गोंदिया.**

पूर्व विदर्भ का गोंदिया जिला पूरे महाराष्ट्र में धान उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। इस वर्ष खरीफ मौसम में जिले के लगभग 1 लाख 92 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती की गई है, जिसमें हल्की और उच्च दोनों प्रजातियाँ शामिल हैं। परंपरानुसार हल्की प्रजाति की धान दिवाली से पहले कटाई के लिए तैयार हो जाती है, जिससे किसान फसल बेचकर त्योहारी खर्च और आवश्यक जरूरतें पूरी करते हैं।

लेकिन इस बार मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। सितंबर के बाद भी लगातार हो रही बारिश ने खेतों में खड़ी हल्की प्रजाति की धान को चौपट कर दिया है। किसान जब कटाई की तैयारी में जुटे थे, तभी फिर से रुक-रुककर बारिश शुरू हो गई, जिससे खेतों में



पानी भर गया और फसल गिरने लगी।

उधर, शासकीय धान खरीदी केंद्रों की शुरुआत में देरी ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। दीपावली में अब कुछ ही दिन बचे हैं, पर कटाई रुकी होने और खरीदी केंद्र शुरू न होने से किसान आर्थिक तंगी में हैं।

स्थिति ऐसी बन गई है कि कई किसानों को अब निजी व्यापारियों से एडवांस रकम लेकर किसी तरह त्योहार मनाने की मजबूरी हो सकती है। इसके बाद उन्हें अपनी उपज इन्हीं व्यापारियों को कम दामों पर बेचनी पड़ेगी।

इधर, सरकार की देरी से भुगतान नीति पर भी किसान नाराज हैं। जानकारी के अनुसार, ग्रीष्मकालीन रबी मौसम के धान की सरकारी खरीदी करने वाले किसानों को अब तक लगभग 117 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया गया है।

किसानों का कहना है कि यदि मौसम और प्रशासन दोनों की यह बेरुखी जारी रही, तो इस बार गोंदिया जिले के हजारों धान उत्पादक किसानों की दिवाली फीकी पड़ जाएगी।

# सेंट जॉन्स हाईस्कूल में 'विविधता में एकता' रंगोली प्रतियोगिता

## ई-एसएस कनेक्ट फी सुविधा का शुभारंभ

**हिंगनघाट.**



स्थानीय सेंट जॉन्स हाईस्कूल में 'विविधता में एकता' विषय पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में न केवल विद्यार्थियों, बल्कि अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली के माध्यम से सभी ने सामाजिक एकता, सहयोग और सद्भाव का सुंदर संदेश प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ई-एसएस कनेक्ट नामक डिजिटल फी भुगतान प्रणाली की शुरुआत की। इस आधुनिक प्रणाली के जरिए अभिभावक अब ऑनलाइन माध्यम से आसानी और सुरक्षा के साथ स्कूल की फीस जमा कर सकेंगे।

अभिभावकों ने इस पहल का विशेष स्वागत किया और विद्यालय द्वारा किये जा रहे विविध शैक्षणिक और सामाजिक प्रयासों की सराहना की। सेंट जॉन्स हाईस्कूल हमेशा की तरह शैक्षणिक, सामाजिक और नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## गोंदिया जिले में सार्वजनिक न्यासों के लिए नया पंजीकरण अनिवार्य

**गोंदिया.** भंडारा जिले से गोंदिया जिले के गठन के बाद अब सार्वजनिक न्यासों के पंजीकरण में बड़ा बदलाव किया गया है। गोंदिया जिले में स्थित सभी सार्वजनिक न्यासों को गोंदिया सार्वजनिक न्यास पंजीकरण कार्यालय द्वारा नया पंजीकरण क्रमांक प्रदान किया गया है।

सहायक धर्मादाय आयुक्त दिशा के. पजई ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन न्यासों को पहले भंडारा कार्यालय में पंजीकृत किया गया था, उन्हें अब गोंदिया जिले के लिए नए क्रमांक के साथ अपनी संस्था की संपूर्ण कार्यवाही करनी होगी।

न्यासों के नए पंजीकरण क्रमांक धर्मादाय आयुक्त मुंबई की आधिकारिक वेबसाइट www.charity.maharashtra.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके साथ ही यह जानकारी सार्वजनिक न्यास पंजीकरण कार्यालय, गोंदिया में भी प्राप्त की जा सकती है।

सभी न्यासियों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने न्यास का नया क्रमांक प्राप्त कर, आगे की सभी प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रिया नए पंजीकरण क्रमांक के अनुसार ही संपन्न करें।

# गोंदिया जिले में अलग-अलग घटनाएं

## > सड़क हादसों में मौत व घायल, मारपीट व पुलिस कार्रवाई के मामले दर्ज

**गोंदिया.**

गोंदिया जिले में बीते 24 घंटों के दौरान सड़क दुर्घटनाओं और मारपीट की कई घटनाएँ सामने आई हैं। पुलिस ने सभी मामलों में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**टाटा एस की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल :** गंगाझरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एमआईडीसी मुंडीपार में टाटा एस वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, टाटा एस के चालक ने तेज गति व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। इस हादसे में चारगांव निवासी दीपक रामप्रसाद टेंभरे (28) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि छोटेलाल श्यामलाल नागपुरे (32) घायल हुआ। इस प्रकरण में बटाना निवासी विश्वनाथ रामेश्वर रहांगडाले (33) की शिकायत पर गंगाझरी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जांच सहायक पुलिस निरीक्षक विजय मसराम कर रहे हैं।



**गालीगलौज कर लाठी से प्रहार एक घायल :** आमगांव थाने के तहत सुरकुड़ा निवासी टेकचंद विठ्ठल रहांगडाले अपने मित्र हिवराज फंदु मेश्राम (57) के साथ ठाणा के इंदिरा चौक के पास घूम रहे थे। उसी समय ठाणा निवासी विशाल केशोराव मेश्राम (30) ने दोनों पर बिना किसी कारण गालीगलौज कर लाठी से हमला कर दिया।

हमले में हिवराज घायल हो गए। आमगांव पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच हवलदार गजपुरे को सौंपी है।

**दुकान लगाने के विवाद में लाठीचार्ज, दो घायल :** शहर थाने के तहत गौरी नगर निवासी विजय किशन चौरसिया (38) और उसका भाई आनंद किशोर चौरसिया (32) पिछले 10 वर्षों से जैन मंदिर के आगे कपड़े की दुकान चलाते हैं। इसी दुकान को लेकर संजय प्रभात राफुकिया (42), सचिन संजय राफुकिया (21) और संदीप संजय राफुकिया (20) से विवाद हो गया, जिसके बाद तीनों ने लाठी से हमला कर दोनों भाइयों को घायल कर दिया। शहर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हवलदार पारधी के हवाले की है।

**दो ट्रकों की भिड़ंत में दोनों चालक घायल :** अर्जुनी मोरगांव थाना क्षेत्र के तिरंगा ढाबे के पास दो ट्रकों में जोरदार टक्कर हो गई। सुरजनगर (नागपुर) निवासी नाशिर रमजान खान पठान (53) के ट्रक को गोंदिया निवासी चालक श्यामकुमार बाबूलाल नागपुरे (45) ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों चालक घायल हो गए। अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हवलदार मेंढे के सुपुर्द की है।

**सड़क जाम करने वाले 3 ऑटो चालकों पर कार्रवाई :** देवरी पुलिस ने ग्रामीण अस्पताल व बस स्टैंड के पास सड़क पर ऑटो खड़ा कर यातायात बाधित करने वाले तीन चालकों पर कार्रवाई की है। इनमें अर्जित मुरारीलाल शर्मा (60), अतदीप पवन बडोले (30) और कैलाश हरिचंद देशमुख (37) का समावेश है।।तीनों ने सार्वजनिक स्थानों पर अपने ऑटो पार्क किए थे। इस पर हवलदार सिद्धार्थ तागड़े ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**गांजा सेवन कर टिप्पर चलाने वाला चालक गिरफ्तार :** तिरोड़ा थाने के तहत कैनरा बैंक के पास टिप्पर चालक को गांजा सेवन कर वाहन चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। भंडारा जिले के कोथुरणा निवासी रितेश मधुकर गायधने (39) ने टिप्पर लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। स्थानीय नागरिकों ने आरोपी चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। तलाशी में उसके पास से गांजा का पैकेट भी मिला। पुलिस उपनिरीक्षक शुभम बालकृष्ण नष्टे (36) की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। जांच उपनिरीक्षक प्रियंका बैस कर रही हैं। पुलिस ने सभी घटनाओं में अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसे और मारपीट की घटनाएँ नागरिकों के लिए चिंता का विषय बन गई हैं।

# गोंदिया में गृह राज्यमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने किया

## अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन का लोकार्पण

**गोंदिया.**




मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की संकल्पना के तहत शुरू की गई 100 दिवसीय पहल में गोंदिया पुलिस विभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। इसी कड़ी में जिले के दौरे पर आए महाराष्ट्र के गृह राज्यमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने गोंदिया शहर पुलिस थाने का दौरा कर पुलिस विभाग की सराहना की। राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार अपराधों की त्वरित जांच और तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करने के उद्देश्य से गोंदिया पुलिस विभाग को अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन प्रदान की गई है। डॉ. भोयर ने इस वैन का लोकार्पण कर इसे पुलिस सेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने शहर पुलिस थाने के नए भवन का भी निरीक्षण किया और वहां की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। साथ ही जिले में शुरू की गई साइबर बोट प्रणाली और सिटीजन फीडबैक जैसी तकनीकी पहल की जानकारी भी ली।

डॉ. भोयर ने कहा कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए गोंदिया जिले की सभी तहसीलों में नए पुलिस थाने और आवासीय भवनों का निर्माण जल्द शुरू करेगी।

कार्यक्रम में विधायक विनोद अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी बानकर, शहर थानेदार किशोर पर्वते, तथा स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# नयन इंटरप्राइजेस को ब्लैकलिस्ट करने में देरी क्यों?

## फर्जी प्रमाणपत्र के जरिये सरकार से की गई थी धोखाधड़ी

**वर्धा.**

ग्रामीण सड़क निर्माण योजना में फर्जीवाड़े का मामला सामने आने के बावजूद संबंधित ठेकेदार मेसर्स नयन इंटरप्रायजेस पर अब तक कार्रवाई न होने से जनता में सवाल उठ रहे हैं। देवली विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश बकाने ने इस प्रकरण पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कंपनी को तुरंत ब्लैकलिस्ट करने की मांग की थी।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2024-25 में जिला परिषद द्वारा ग्रामीण सड़कों के विकास हेतु मंजूर की गई योजनाओं में नयन इंटरप्रायजेस ने फर्जी प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर ठेका प्राप्त किया था। निविदा की शर्तों के अनुसार, ठेकेदार को चालू हॉट मिक्स प्लांट रखना अनिवार्य था, लेकिन जांच में पाया गया कि बोरगांव मेघे के दयालनगर स्थित उक्त प्लांट पूरी तरह बंद था मशीनें जंग खा चुकी थीं, घास उग आई थी और बिजली कनेक्शन भी कटा हुआ था।

जिला परिषद निर्माण विभाग की जांच समिति ने जब स्थल निरीक्षण किया तो इस धोखाधड़ी की पुष्टि हुई।

इसके बाद मुख्य अभियंता, लोक निर्माण क्षेत्रीय विभाग नागपुर ने 27 जनवरी 2025 को जारी फिटनेस प्रमाणपत्र रद्द करते हुए इस मामले को धोखाधड़ी घोषित किया।

### विधायक राजेश बकाने ने कहा

'जनता के पैसों से होने वाले विकास कार्य पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। फर्जी प्रमाणपत्रों के सहारे ठेका लेने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जा सकता। नयन इंटरप्रायजेस को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए। हालांकि, इस प्रकरण को उजागर हुए करीब दो महीने बीत चुके हैं, पर अब तक प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। इससे आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के बीच असंतोष फैल गया है। स्थानीय लोगों ने भी विधायक से इस मुद्दे पर दबाव बढ़ाने की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेकर नयन इंटरप्रायजेस पर ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई करता है या नहीं इस पर पूरे जिले की निगाहें टिकी हुई हैं।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन के लिए इंतजार, बुजुर्गों में चिंता की लहर

**गोंदिया.** महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा हर महीने की पहली तारीख को पेंशन देने के आदेश के बावजूद, गोंदिया जिले के कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अब तक पेंशन नहीं मिली है। हाल में, बुजुर्ग सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और अधिकारी संघ ने इस संबंध में गंभीर चिंता जताते हुए सरकार को निवेदन भेजा है।

संघ का आरोप है कि 1 तारीख को अनुदान मिलने के बाद भी जिला परिषद की लापरवाही के कारण पेंशन और अन्य अनुदान पंचायत समिति तक नहीं पहुंचाए गए। इससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को रोजमर्रा की जरूरतों और कर्ज की किश्तों के भुगतान में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

कई बुजुर्ग कर्मचारियों ने संघ के जिला और तहसील पदाधिकारियों से संपर्क कर अपनी समस्याओं की जानकारी दी। दिवाली के आस-पास इस देरी ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। इस मामले में, संघ के जिला अध्यक्ष एल.यू. खोब्रागड़े ने मांग की है कि सेवानिवृत्ति संघ के माध्यम से अधिकारियों को पेंशन तुरंत जारी करने का निर्देश दिया जाए। वहीं, कोषागार के अधिकारियों ने खेद व्यक्त करते हुए बताया कि जिला परिषद से बिल देर से प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि कोषागार से मंजूरी मिलते ही अनुदान पंचायत समिति को भेज दिया जाएगा।

# बारिश से प्रभावित सोयाबीन किसानों की हालत

## संग्रहण केंद्र शुरू करने की मांग तेज़

**मोझरी (शे).**

सालाबाद की तरह इस साल भी वर्धा जिले के किसान पीले सोने यानी सोयाबीन के संकट में हैं। सरकार किसानों को सहारा देने के लिए सोयाबीन खरीदने की व्यवस्था कर रही है। शुक्रवार को जिला विपणन अधिकारी की अध्यक्षता में दूसरी बैठक हुई, जिसमें इस वर्ष भारी बारिश के कारण सोयाबीन की उपज औसत रहने और गारंटीड मूल्य मिलने की संभावना कम होने की चर्चा हुई।

इस वर्ष भारी बारिश से न केवल वर्धा बल्कि पूरे विदर्भ क्षेत्र में सोयाबीन प्रभावित हुआ है। मोझरी और चारकोल की वजह से फसल पर गंभीर असर पड़ा है। अपेक्षित सौ फलियों में से अब केवल दस से बारह फलियाँ ही दिख रही हैं, जिनमें भी केवल दो-तीन बीज वाली फलियाँ हैं और 30 प्रतिशत फलियाँ सड़ चुकी हैं। सरकार ने सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, लेकिन किसानों का कहना है कि खराब फसल के मद्देनज़र एमपीएस में कम से कम 1,000 रुपये की वृद्धि होनी चाहिए। जिले में 26,000 एकड़ में सोयाबीन बोई गई है, लेकिन अभी कटाई शुरू नहीं हुई है।

जिला विपणन अधिकारी और सभी आठ बाजार समितियाँ सोयाबीन खरीदने की तैयारी में हैं। बावजूद इसके, किसानों में नाम दर्ज कराने को लेकर हिचकिचाहट है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि दिवाली तक किसानों के हाथ में सोयाबीन का भुगतान नहीं पहुँच पाएगा, जिससे उनकी दिवाली फीकी पड़ने के संकेत मिल रहे हैं।

## गोंदिया में स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियां

### इच्छुक उम्मीदवारों का सर्वेक्षण शुरू

**गोंदिया.** नगराध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए आरक्षण की घोषणा के बाद नगर चुनाव की प्रक्रिया ने तेजी पकड़ ली है। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की तैयारी शुरू कर दी है।

नगराध्यक्ष और पार्षद पद के लिए इच्छुक उम्मीदवारों की संख्या काफी अधिक है, जिसके चलते भाजपा और राकांपा अजीत पवार गुट ने पार्टी पर्यवेक्षकों के माध्यम से उम्मीदवारों का सर्वेक्षण करने का निर्णय लिया है। इसके बाद ही अंतिम उम्मीदवारों की सूची तय की जाएगी।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोंदिया, तिरोड़ा नगर परिषद और सालेकसा, गोरेगांव नगर पंचायत के चुनाव दिवाली के बाद होने की संभावना है। विशेष रूप से गोंदिया नगर परिषद में मुकाबला सबसे अधिक कड़ा रहने की संभावना है, क्योंकि यह क्षेत्र जिला और नगर राजनीति का केंद्र माना जाता है।

भाजपा और राकांपा अजीत पवार समूह ने इस संबंध में बैठकें शुरू कर दी हैं। बैठक में चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों की सूची तैयार की गई और उन्हें वार्डवार बैठकों के माध्यम से सक्रिय जनसंपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी पर्यवेक्षकों द्वारा इच्छुक उम्मीदवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा और इसके बाद पार्टी द्वारा तय किए गए मानदंडों के अनुसार उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

# जिप चुनाव प्रभाग सदस्यों के आरक्षण की घोषणा

> कुल प्रभाग 57: अनुसूचित जाति-10 (महिला-5)
> अनुसूचित जनजाति-8 (महिला-4)
> पिछड़ा वर्ग नागरिक-15 (महिला-8)
> खुला वर्ग-24 (महिला-12)

**नागपुर.**

जिला परिषद चुनाव प्रभाग के 57 सदस्यों के लिए आरक्षण ड्रा की घोषणा आज जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर की अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर विभिन्न दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला परिषद में कुल 57 चुनाव प्रभाग हैं और अनुसूचित जाति-10 (महिला-5), अनुसूचित जनजाति-8 (महिला-4), पिछड़ा वर्ग नागरिक-15 (महिला-8) और खुला वर्ग-24 (महिला-12) के लिए आरक्षण की घोषणा की गई है।

नागपुर जिला परिषद चुनाव प्रभाग आरक्षित सीटें - 2025 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, खुले वर्ग का तालुकावार विवरण इस प्रकार है।

सावनेर तालुका में बाडेगांव - सामान्य, वाघोडा - पिछड़ा वर्ग, केलावद - पिछड़ा वर्ग (महिला),




पाटनसावंगी - सामान्य, वलनी - सामान्य (महिला), चंकापुर - अनुसूचित जाति, चिचोली - अनुसूचित जाति। माहुली - अनुसूचित जनजाति (महिला), करंभाद - सामान्य (महिला), गोंडेगांव - पिछड़ा वर्ग, पारशिवनी तालुका में टेकाडी (के.के.) - सामान्य, रामटेक तालुका में वडम्बा - अनुसूचित जनजाति, बोथिया (पालोरा) - अनुसूचित जनजाति, सोनेघाट - अनुसूचित जनजाति (महिला), मानसर - अनुसूचित जनजाति (महिला), नगरधन - पिछड़ा वर्ग।

मौदा तालुका में अरोली- सामान्य, खाट- सामान्य (महिला), चाचेर- सामान्य, तरसा- नागरिकों की पिछड़ी श्रेणी, धनला- नागरिकों की पिछड़ी श्रेणी। कुही तालुका में राजोला- नागरिकों की पिछड़ी श्रेणी (महिला), वेलतूर- अनुसूचित जाति (महिला), सिल्ली- सामान्य, मंधाल- अनुसूचित जाति। कामठी तालुका में कोराडी- नागरिकों की पिछड़ी श्रेणी (महिला), भीलगांव- सामान्य (महिला), गुमथला- सामान्य (महिला), वडोदरा- सामान्य। नागपुर (ग्रामीण) तालुका में भोकारा- नागरिकों की पिछड़ी श्रेणी (महिला), कापसी खुर्द- सामान्य, दावलामेटी- अनुसूचित जाति (महिला), सोनेगांव निपानी- सामान्य, बोरखेड़ी फाटक- नागरिकों की पिछड़ी श्रेणी (महिला)। कलमेश्वर तालुका में तेलकामठी- पिछड़ा वर्ग (महिला), धापेवाड़ा- सामान्य, गोंडखैरी- पिछड़ा वर्ग (महिला)।

कटोल तालुका में येनवा- अनुसूचित जाति, रिधोरा- पिछड़ा वर्ग, पारदसिगा- अनुसूचित जाति, दुधाला- सामान्य (महिला)। नरखेड़ तालुका में बेलोना- सामान्य (महिला), सावरगाँव- सामान्य (महिला), जलालखेड़ा- सामान्य (महिला), भिष्णुर- सामान्य। हिंगना तालुका में रायपुर- सामान्य (महिला), इसाणी- अनुसूचित जाति (महिला), टकलघाट- अनुसूचित जाति (महिला), सवांगी (देवली)- अनुसूचित जनजाति, कन्होलीबारा- अनुसूचित जनजाति (महिला)। उमरेड तालुका में मकरधोकड़ा- पिछड़ा वर्ग, वैगांव- अनुसूचित जाति (महिला), बेला- सामान्य, सीसी- पिछड़ा वर्ग। भिवापुर तालुका में जिला परिषद चुनाव प्रभाग के सदस्यों के लिए कुल 57 आरक्षण हैं, अर्थात् तास- सामान्य (महिला), मालेवाड़ा- सामान्य (महिला), नांद- अनुसूचित जनजाति।

## बाइक टक्कर के बाद हुई मारपीट, युवक ने लकड़ी के रॉफ्टर से किया हमला

**नागपुर.** नंदनवन इलाके में बाइक की मामूली टक्कर ने इतना गंभीर रूप ले लिया कि एक युवक ने दूसरे व्यक्ति को लकड़ी के रॉफ्टर से पीटकर जख्मी कर दिया। यह घटना शनिवार को नंदनवन झोपड़पट्टी में घटी। जानकारी के मुताबिक, मनोज रोकड़े (39) अपनी बाइक पर सवार होकर बस्ती से जा रहे थे कि अचानक उनकी बाइक की आरोपी गौतम ढोरे की बाइक से टक्कर हो गई। इस टक्कर में गौतम की बाइक का चक्का जाम हो गया।

इस पर गौतम इतना आगबबूला हुआ कि उसने मनोज को गालियां देते हुए वहीं पड़े लकड़ी के रॉफ्टर से पीटना शुरू कर दिया। इस हमले में मनोज जख्मी हो गया। घटना के बाद मनोज ने नंदनवन पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

## चांदुर रेल्वे के प्रवीण पुंड ने बनाया अद्वितीय विश्व कीर्तिमान

श्री क्वार्टर का पाढ़ा सुनाकर इंटरनेशनल वर्ल्ड बुक ऑफ रेकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम

**अमरावती.**

डॉ. सी. व्ही. रमन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, चांदुर रेल्वे में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक प्रवीण पंजाबराव पुंड ने अपनी असाधारण स्मरणशक्ति और गणितीय कौशल का अद्वितीय प्रदर्शन कर एक अनोखा विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। पुंड ने 'थ्री क्वार्टर' (¾) का पाढ़ा — यानी 3/4 की गुणन सारणी — 1 से 100 तक न केवल चढ़ते और उतरते क्रम में, बल्कि हर पंक्ति को बाएं से दाएं और दाएं से बाएं क्रम में भी, पूरी तरह से स्मरणशक्ति के आधार पर, बिना देखे केवल 14 मिनट 18 सेकंड में सुनाकर उपस्थित सभी को चकित कर दिया।




**विश्व पटल पर चमका चांदुर रेल्वे का नाम :** पुंड की इस विलक्षण उपलब्धि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। इंटरनेशनल वर्ल्ड बुक ऑफ रेकॉर्ड्स द्वारा उन्हें विशेष सम्मान से नवाजा गया है, जिससे चांदुर रेल्वे सहित संपूर्ण अमरावती जिले में गौरव की लहर दौड़ गई है। उनके इस अद्वितीय कार्य की सराहना हर तरफ हो रही है और विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक संस्थाओं द्वारा उन्हें बधाइयाँ और सम्मान प्राप्त हो रहे हैं।

## रामटेक तहसील के सोनेघाट गांव की सड़कें बेहाल!

### सरपंच का आरोप, जिला परिषद सदस्य कर रहे हैं विकास कार्यों में भेदभाव

**रामटेक.** रामटेक तहसील के अंतर्गत आने वाली गट ग्राम पंचायत सोनेघाट की सड़कों की हालत खस्ता हो चुकी है। पंचायत क्षेत्र के चारों वार्डों में रास्तों की हालत इतनी खराब है कि स्थानीय लोगों को दैनिक आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय सरपंच किरण टेकाम ने इस स्थिति के लिए सीधे तौर पर जिला परिषद सदस्य पर विकास कार्यों में भेदभाव करने का गंभीर आरोप लगाया है।

**मरारवाड़ी-घोटीटोला मार्ग की हालत बेहद खराब :** ग्राम पंचायत को जोड़ने वाला मरारवाड़ी एवं घोटीटोला मार्ग पूरी तरह से टूट चुका है। इस सड़क पर पिछले 10 वर्षों में केवल ईंट भट्टे का मलबा डालकर कच्ची सड़क तैयार की गई है, जो बारिश में पूरी तरह कीचड़युक्त और खतरनाक बन जाती है।

**सरपंच किरण टेकाम का बयान:** 'हमारे ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिला परिषद सदस्य अन्य गांवों में काम करवा रहे हैं, पर सोनेघाट को जानबूझकर उपेक्षित रखा गया है।'

**स्थानीय नागरिकों की प्रतिक्रिया:**

'हर साल सड़क की मरम्मत का वादा होता है, लेकिन कुछ नहीं होता। बरसात में स्कूल जाना, अस्पताल पहुंचना मुश्किल हो जाता है।'

**ग्रामीणों की मांग:** मरारवाड़ी-घोटीटोला मार्ग की तत्काल पक्कीकरण किया जाए। ग्राम पंचायत के चारों वार्डों में समान विकास कार्य सुनिश्चित किए जाएं। सड़क निर्माण में स्थानीय प्रतिनिधियों की जवाबदेही तय की जाए।

## पंजाब बाढ़ राहत में जुटी जमीयत उलेमा नागपुर की टीम

**नागपुर.**



पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत पहुंचाने के लिए जमीयत उलेमा (अरशद मदनी), जिला नागपुर की टीम ने सराहनीय पहल करते हुए पिछले छह दिनों से मलेरकोटला और उसके आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय राहत कार्य शुरू किये हैं। इस अभियान का नेतृत्व हाफिज मसूद (पूर्व अध्यक्ष, जमीयत उलेमा महाराष्ट्र) और कारी साबिर (अध्यक्ष, जमीयत उलेमा नागपुर) ने किया। टीम ने नागपुर और कामठी के आम नागरिकों से राहत सामग्री एकत्र की और उसे ज़रूरतमंदों तक पहुंचाया।

**टीम में प्रमुख रूप से शामिल रहे सदस्य:** अतीक कुरैशी – सचिव, जमीयत उलेमा नागपुर, जाहिद अंसारी – उपाध्यक्ष, जमीयत उलेमा नागपुर,

शरीफ अंसारी – कोषाध्यक्ष, जमीयत उलेमा नागपुर, सिराज अंसारी, सैफुर रहमान बब्बू, जैद अंसारी, जावेद अकील, नबील फैज़, अबू आसिम, मोहम्मद आबिद — सभी राहत कार्य में सक्रिय भूमिका में रहे।

**सामाजिक एकजुटता का संदेश :** इस राहत कार्य के माध्यम से जमीयत उलेमा नागपुर की टीम ने मानवीय एकजुटता, भाईचारे और इंसानियत की मिसाल पेश की है। टीम द्वारा वितरित की गई राहत सामग्री में खाद्य पदार्थ, कपड़े, दवाइयां और अन्य ज़रूरी सामान शामिल थे, जो बाढ़ पीड़ितों के लिए अत्यंत सहायक साबित हो रहे हैं।

## शहरवासियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही नगरपालिका

### जगह-जगह कचरे के ढ़ेर, पालिका परिसर में दिया तले अंधेरा

**दिग्रस.**



जुबैर हबीब खान. दिग्रस शहर के नगर पालिका से सटे नाट्यगृह के पीछे परिसर में ही कचरे के ढेर 'दिये तले अंधेरा' वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे है। पालिका परिसर के अलावा शहर के क़ई रिहायशी इलाकों और मार्केट परिसर में कचरे की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ रही हैं। जिस वजह से आसपास के पर्यावरण पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शहर में जगह जगहों पर खुले में प्लास्टिक, खाद्य पदार्थों के पैकेट, पुराने कपड़े और अन्य कचरा फैला हुआ देखा जा सकता है। आगामी दीपावली त्योहार के मद्देनजर पालिका ने कुछ जगहों से कचरा हटा दिया है लेकिन अब भी अधिकतर जगहों पर कचरा ज्यों का त्यों पड़ा है। शहर के नागरिक प्रशासन से की तत्काल सफाई की मांग कर रहे है। विशेषज्ञों के अनुसार, खुले में फैला यह कचरा जल, मिट्टी और वायु को प्रदूषित करता है, जिसके पूरे क्षेत्र पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

इसके कारण बीमारियों के फैलने की संभावना भी काफी बढ़ गई है। स्थानीय निवासी घंटा गाड़ियों की अनियमित सफाई सेवा पर भी नाराजी जता रहे है। कचरे का ठेका चलानेवाली कंपनी और उसके ठेकेदार को क्या सांप सूंघ गया है? ऐसा सवाल नागरिकों द्वारा किया जा रहा है।

**घंटा गाड़ियों की अनियमितता से नागरिकों में रोष! :** क़ई इलाकों में घंटा गाड़ियों के आने का सिलसिला भी लगभग बंद हो चुका है। इस समस्या को लेकर प्रशासन से बार-बार सफाई की मांग की जा रही है। हालांकि, अब तक इस दिशा में कोई उचित कदम नहीं उठाए गए हैं, जिससे लोगों में असंतोष है। यदि जल्द से जल्द सफाई और कचरा प्रबंधन के लिए सख्त और उचित उपाय नहीं किये गए, तो यह समस्या और भी गंभीर रूप ले सकती है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से अपील की है कि वे इस ओर तुरंत ध्यान दें और नियमित रूप से सफाई अभियान चलाएं, ताकि क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

## माउंट रोड सदर में गटर की समस्या से नागरिक परेशान



**नागपुर.**

सदर स्थित माउंट रोड (मंगलवारी ज़ोन) क्षेत्र में गटर की समस्या ने स्थानीय नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। माउंट होटल के सामने कई दिनों से गटर का पानी खुले में सड़क पर बह रहा है, जिससे क्षेत्र में बदबू, गंदगी और संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग से रोज़ाना सैकड़ों लोग दफ्तरों, ट्यूशन क्लासेस और दुकानों के लिए गुजरते हैं, लेकिन सड़कों पर फैले गंदे पानी के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिक इमरान आलम और उनके सहयोगियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नागपुर नगर निगम (मंगलवारी ज़ोन) में शिकायत की जा चुकी है, मगर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि इस गटर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके और इलाके में स्वच्छता बहाल हो।

## श्री स्वामिनारायण मंदिर में दिवाली एवं अन्नकूटोत्सव का भव्य आयोजन

**नागपुर.**

संस्कार, सेवा और अध्यात्म का संगम बी.ए.पी.एस. श्री स्वामिनारायण मंदिर, नागपुर विदर्भ की धरती पर एक अद्वितीय प्रेरणास्थल के रूप में स्थापित है। यह मंदिर केवल आराधना का केंद्र नहीं, बल्कि समाज में नैतिकता, निष्ठा और आत्मिक शांति का संदेश देने वाला जीवंत तीर्थस्थल है। परम पूज्य महंत स्वामी महाराज की प्रेरणा से यहां के संत-महंत एवं सेवाभावी भक्तजन समाजहित में अनेक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्य करते आ रहे हैं। यह मंदिर नागपुरवासियों के आध्यात्मिक जीवन में अलौकिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार कर रहा है। इसी पावन धाम में इस वर्ष दीवाली एवं अन्नकूटोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन में विविध धार्मिक कार्यक्रम रखे गए हैं, जिनमें सभी श्रद्धालु परिवार सहित आमंत्रित हैं। 19 अक्टूबर, रविवार को सुबह सेवायज्ञ तथा रात्रि 7:15 बजे श्री हनुमान पूजा का आयोजन होगा। 20 अक्टूबर, सोमवार को बहिपूजन एवं लक्ष्मी पूजन के शुभ अवसर पर सायं 5:30 बजे महापूजा और रात्रि 7:30 बजे महाआरती संपन्न होगी। यह दिन



विशेष रूप से व्यापारियों और गृहस्थों के लिए पुण्यदायी माना जाता है। 22 अक्टूबर, बुधवार को श्री गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट आरती प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगी। तत्पश्चात अन्नकूट दर्शन सुबह 11:00 से शाम 7:00 बजे तक रहेंगे, जहां भगवान के सन्मुख सैकड़ों प्रकार के शाकाहारी व्यंजन भक्तिभावपूर्वक अर्पित किये जाएंगे। मंदिर परिसर को इस अवसर पर आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया जाएगा। यह उत्सव केवल धार्मिक नहीं, बल्कि समाज में सेवा, एकता और सद्भाव का संदेश देने वाला अवसर है। बी.ए.पी.एस. श्री स्वामिनारायण मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे इस उत्सव में अपने परिवार सहित पधारकर दिव्य दर्शन, आरती और महाप्रसाद का लाभ लें।

## ज्वैलरी का दिवाली प्री-लॉन्च सेल गोंदिया में शुरू

**गोंदिया.**

त्योहार का समय गोंदिया के लिए एक खास अवसर लेकर आ रहा है, क्योंकि विदर्भ के सबसे भरोसेमंद आभूषण ब्रांड, रोकडे ज्वैलर्स, गोंदिया के निवासियों के लिए अद्वितीय प्री-लॉन्च दिवाली ऑफर्स पेश कर रहा है। ये आकर्षक ऑफर्स 16 अक्टूबर से सुबह 11 बजे से गोंदिया के जयस्तंभ चौक (जी.एस.टी. भवन के सामने) के शोरूम में जारी होंगे और ग्राहकों को दीवाली के इस मौसम में विशेष आभूषणों पर बचत करने का खास अवसर प्रदान करेंगे।

**सर्वोत्तम दिवाली ऑफर्स केवल गोंदिया में :** गोंदिया में पहली बार, रोकडे ज्वैलर्स 'ये दिवाली रोकडेवाली' प्रस्तुत कर रहा है, जिसमें सोने, हीरे और चांदी के कलेक्शन पर आकर्षक ऑफर्स उपलब्ध हैं। गोंदिया के प्रत्येक परिवार को इस प्रकाश के त्योहार को नई चमक और आनंद के साथ मनाने का अवसर देने के लिए ये ऑफर्स तैयार किये गए हैं।

सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस पर कम से कम 30% से अधिकतम 50% तक निश्चित छूट, हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस पर कम से कम 50% से अधिकतम 100% तक निश्चित छूट, चांदी के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस और एफआरपी उत्पादों पर 25% निश्चित छूट, ये विशेष ऑफर्स केवल गोंदिया के नए शोरूम में उपलब्ध हैं और दिवाली के आसपास 9 नवंबर तक वैध हैं। ये खास ऑफर्स रोकडे ज्वैलर्स की गोंदिया के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं और केवल गोंदिया के नए शोरूम में उपलब्ध हैं। ये ऑफर्स दिवाली के आसपास 9 नवंबर तक सीमित अवधि के लिए वैध हैं।

**त्योहार और शादी के मौसम के लिए खास :** दिवाली के साथ ही त्योहारों का समय और शादी का मौसम नजदीक आ रहा है। इसलिए ग्राहक ऐसे आभूषण खोजते हैं जो पारंपरिक, उत्कृष्ट कलाकारी और आधुनिक शैली का संगम हों। रोकडे ज्वैलर्स हमेशा की तरह इस अवसर पर तैयार हैं — उन्होंने विदर्भ में गुणवत्ता और विविधता के लिए प्रसिद्ध नए और सिग्नेचर डिज़ाइन्स पेश किये हैं। गोंदिया शोरूम में पारिवारिक उत्सव, शादी और धार्मिक विधियों के लिए उपयुक्त आभूषण उपलब्ध हैं, जो प्रत्येक व्यक्ति की अनोखी विरासत और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करते हैं।

**विदर्भ के क्र. 1 आभूषण ब्रांड की प्रतिबद्धता :** विदर्भ के आभूषणों के जगत के केंद्र में कार्यरत, रोकडे ज्वैलर्स विश्वासपात्र गुणवत्ता और अद्वितीय शुद्धता का प्रतीक है। सोने की नेकलेस से लेकर आकर्षक हीरे के सेट तक, हर आभूषण रोकडे ज्वैलर्स की प्रामाणिकता की अटूट पहचान है। गोंदिया के लिए, रोकडे ज्वैलर्स केवल उत्कृष्ट आभूषण ही नहीं लाया है, बल्कि कीमतों में पारदर्शिता, शुद्धता प्रमाणपत्र और ग्राहकों को प्राथमिकता देने वाली सेवा भी लेकर आया है।

**गोंदिया के लिए दिवाली होगी और भी चमकदार :** जब गोंदिया शहर दिवाली मनाने के लिए तैयार हो रहा है, रोकडे ज्वैलर्स अपने आभूषणों के जगत में प्राप्त प्रतिष्ठा और पहचान लेकर गोंदिया में प्रवेश करने के लिए तैयार है। 'ये दिवाली रोकडेवाली' केवल एक ऑफर नहीं है, बल्कि गोंदिया के लोगों के साथ रिश्तों को और मजबूत करने का उत्सव है जिससे उनका दिवाली का हर क्षण और भी चमकदार और यादगार बनेगा।

**अंतर अनुभव करने का आमंत्रण :** रोकडे ज्वैलर्स गोंदिया और आसपास के सभी नागरिकों को 16 अक्टूबर से सुबह 11 बजे शुरू होने वाले नए शोरूम में आने और सीमित अवधि की दिवाली ऑफर्स का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करता है।

ग्राहकों को यहाँ क्लासिक टेम्पल आभूषण, आधुनिक हीरे के आभूषण, नाविन्यपूर्ण चांदी और एफआरपी उत्पादों का विस्तृत कलेक्शन बेहद आनंददायक वातावरण में अनुभव करने को मिलेगा।

इस दिवाली, विदर्भ के भरोसेमंद आभूषण ब्रांड रोकडे ज्वैलर्स के साथ 'ये दिवाली रोकडेवाली' इस सुनहरे ऑफर का लाभ उठाएं। और इस साल दिवाली मनाएं अधिक चमक, अधिक बचत और ग्राहक-केंद्रित ब्रांड के साथ।

## आज रड़के के जन्मदिन पर सत्कार समारोह

**कामठी.**

पूर्व विधायक व ग्रा. उ. सो. कामठी के संस्थाध्यक्ष देवराव संतोषराव रडके जन्मदिन व सत्कार समारोह' का भव्य आयोजन आज (बुधवार) को सायं 6.30 बजे नूतन सरस्वती विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय, मेन रोड, कामठी के प्रांगण में किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र राज्य के महसूल मंत्री, पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले करेंगे। समारोह के प्रमुख अतिथियों में विधान परिषद सदस्य एड.अभिजीत वंजारी, राजकुमारी बाबुराव तिडके महाविद्यालय, मौदाके डॉ. हरीष मोहीते, और प्रजापिता



ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, कामठी की संचालिका प्रेमलता दीदी शामिल होंगे। इस अवसर पर ग्रा. उ. सो. कामठी के प्रतिष्ठित पदाधिकारी और सदस्यगण, जिनमें कोषाध्यक्ष एस. एन. ओसवाल, उपाध्यक्ष अतुल रडके, सचिव डॉ. विजय रडके, सहसचिव तुषार रडके, सदस्य शरद कारामोरे और नितीन रडके प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को नूतन सरस्वती शिक्षण संस्था से जुड़े विभिन्न विद्यालयों के मुख्याध्यापक/मुख्याध्यापिकाओं और समस्त शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी वृंद, ग्रा. उ. सो. कामठी, तथा हरिभाऊजी महाजन परिवार, कामठी का सौजन्य प्राप्त है। आयोजकों में विभिन्न स्कूल की मुख्याध्यापिकाओं में सौ. श्वेता रड़के, जी.बी.चाफले, डब्लू. ए. मन्ने, सौ. ज्योति भुजाड़े, आर. बी. ठाकरे, ए. ए. पैगवार, सौ. राजेश्वरी शर्मा ने सभी से इस समारोह में उपस्थित होकर उनका आनंद द्विगुणित करने का आग्रह किया है।

## रिपाई ने किये कर्मवीर दादासाहब कुंभारे को श्रद्धासुमन अर्पित

**कामठी.** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (रिपाई) गवई गुट ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक समिति दीक्षाभूमि के कार्याध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य बीड़ी मजदूर संघ के संस्थापक अध्यक्ष, और पूर्व राज्यसभा सांसद तथा बीड़ी कामगारों के प्रणेता कर्मवीर दादासाहेब ना. ह. कुंभारे की 43वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में दादासाहेब कुंभारे के अतुलनीय योगदान को याद किया गया, जिन्होंने अपना जीवन बीड़ी मजदूरों और वंचित समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलते रहने का संकल्प लिया। इस श्रद्धांजलि समारोह में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों में सुधीर शंभरकर (जिलाध्यक्ष), प्रदीप वासनिक (शहर अध्यक्ष), दिनेश रोडे, उदय नागदेवे, उमेश्वर श्यामकुर, चरणदास तांडेकर, सुरेन्द्र गजभिये, राकेश पाटील, अविनाश डहाट, मनोज मेश्राम, राजू मेश्राम, राजू खोब्रागडे, राजेश रमिक, शैलेश मेखाम, रंजीत पारील और सुभाष भोंडेकर प्रमुख रूप से शामिल थे। इन सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दादासाहेब कुंभारे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद किया।

## कलोडे चौक पुल निर्माण बना खतरे की घंटी

> सुरक्षा इंतज़ाम नदारद, नागरिकों में आक्रोश
> जनता की एक ही मांग: प्रशासन जागे
> सुरक्षा की गारंटी दे

**हिंगनघाट.**

शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख कलोडे चौक पर निर्माणाधीन पुल नागरिकों के लिए संकट का कारण बनता जा रहा है। ठेकेदार द्वारा सुरक्षा के किसी भी उपाय को नजरअंदाज किए जाने से रोजाना हजारों राहगीर, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और वाहनचालक जान जोखिम में डालकर गुजरने को मजबूर हैं।

**सुरक्षा के नाम पर व्यवस्था शून्य**

निर्माण कार्य तो ज़ोरों पर है, लेकिन ना तो सुरक्षा बैरिकेड्स लगाए गए हैं, ना चेतावनी बोर्ड, और ना



ही यातायात के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। पुल निर्माण स्थल पर खुले गड्ढे, भारी मशीनें और अव्यवस्थित ट्रैफिक स्थिति को और भी भयावह बना रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा है, जिससे हर दिन हजारों वाहन गुजरते हैं। ऐसे में यदि कोई बड़ा हादसा होता है, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? यह सवाल अब हर नागरिक के मन में उठ रहा है।

**नागरिकों में रोष. 'विकास नहीं, विनाश की ओर कदम' :** एक स्थानीय नागरिक ने आक्रोश जताते हुए कहा, 'पुल बनना जरूरी है, लेकिन बिना सुरक्षा के यह विकास नहीं, बल्कि विनाश की ओर ले जाने वाला कदम है।' स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल दखल देकर ठेकेदार को जवाबदेह बनाया जाए और निर्माण स्थल पर सभी जरूरी सुरक्षा उपाय लागू किये जाएं।

**प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल**

स्थिति को लेकर नागरिकों का कहना है कि प्रशासन सब कुछ देखकर भी मौन है, जिससे ठेकेदार को खुली छूट मिल रही है। यह लापरवाही आने वाले दिनों में गंभीर हादसों को जन्म दे सकती है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 490-3 | 468-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 380-1 | 678-1 |

## देश का प्रतिष्ठित घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी आज से

> वर्तमान विजेता विदर्भ का मुकाबला नगालैंड से
> इस टूर्नामेंट में 38 टीमें 138 मैचों में हिस्सा लेंगी

**नागपुर.**

रणजी ट्रॉफी का 91वां संस्करण 24 फरवरी 2026 को समाप्त होगा। इस विशाल प्रतियोगिता को दो भागों में बांटा गया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के बीच दो चरण में यह प्रतियोगिता होगी। विदर्भ गत विजेता है। विदर्भ ने पिछले सीजन के फाइनल में केरल को हराया था। नागपुर में घरेलू मैदान पर ईरानी कप जीतने के बाद विदर्भ को सबसे बड़े घरेलू टूर्नामेंट में खिताब का दावेदार माना जा रहा है।

**रणजी ट्रॉफी 2025-26 का फॉर्मेट :** रणजी ट्रॉफी दो डिवीजनों में विभाजित है। एलीट श्रेणी, जिसमें चार समूहों में 32 टीमें हैं। प्लेट श्रेणी में एक समूह में 6 टीमें होंगी। सभी टीमें अपने समूहों के भीतर एक ही राउंड-रॉबिन खेलती हैं। एलीट डिवीजन



में हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल (कुल 8 टीमें) में पहुंचती हैं। प्लेट डिवीजन में शीर्ष चार टीमें प्लेट नॉकआउट में पहुंचती हैं। एक अलग प्लेऑफ प्रणाली निचली प्लेट टीमों और प्लेट सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों के लिए अंतिम रैंकिंग तय करती है।रणजी ट्रॉफी 2025-26: समूह और टीमें एलीट ए: तमिलनाडु,विदर्भ बड़ौदा, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, नगालैंड।

**नगालैंड की टीम :** चेतन बिस्ट, नजानथुंग मोझुई, रोंगसेन जोनाथन, इमलीवाती लेम्तुर, रोनित मोरे, तहमीद रहमान, दीप बोरा, हेम छेत्री, डेगा निश्चल, सेडेझली रुपेरो, युगांधर सिंह, विनो झिमोमी।

**विदर्भ की टीम :** अक्षय वाडकर (कप्तान), यश राठौड़, दानिश मालेवार, अमन मोखड़े, रविकुमार समर्थ, ध्रुव शौरी, नचिकेत भुटे, हर्ष दुबे, पार्थ रेखाडे, अथर्व तायडे, तायदे, प्रफुल्ल हिंगे, अक्षय कर्णेवार, दर्शन नालकंडे, आदित्य ठाकरे, यश ठाकुर, शिवम देशमुख, यश कदम।